2018-19 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.5% की वृद्धि की उम्मीद : मूडीज़

drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-economy-growth-rate

चर्चा में क्यों?

मूडीज़ इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा कि 2018 और 2019 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.5% की वृद्धि होने की उम्मीद है क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था तेल की उच्च कीमतों की तरह अन्य बाहरी दबावों को झेलने के लिये काफी हद तक लोचशील है।

प्रमुख बिंदु

- 2018-19 के लिये अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक में मूडीज़ ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी से अस्थायी रूप से हेडलाइन मुद्रास्फीति बढ़ेगी लेकिन मज़बूत शहरी और ग्रामीण मांग तथा बेहतर औद्योगिक गतिविधियों द्वारा समर्थित होने की वज़ह से संवृद्धि की गति बरकरार रहेगी।
- जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में से कई के लिये संवृद्धि की संभावनाएँ मज़बूत बनी हुई हैं, लेकिन संकेत हैं कि 2018 में होने वाली संवृद्धि में अब विचलन प्रवृत्तियाँ आ सकती हैं।
- अमेरिकी व्यापार संरक्षणवाद के बढ़ने, बाहरी तरलता की स्थिति को कठोर करने और तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण कठिन परिस्थितियों का सामना करने वाली कुछ विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की कमज़ोर स्थिति के विपरीत उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिये निकट अवधि का वैश्विक दृष्टिकोण व्यापक रूप से लचीला बना हुआ है।
- मूडीज़ ने 2018 में जी-20 देशों की संवृद्धि दर 3.3% और 2019 में 3.1% अनुमानित की है। विकसित अर्थव्यवस्थाएँ 2018 में 2.3% और 2019 में 2% के दर से बढ़ेंगी।
- मूडीज़ के अनुमान के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था 2018 और 2019 में लगभग 7.5% की दर से बढ़ेगी।

मूडीज़ इन्वेस्टर्स सर्विस

- मूडीज़ इन्वेस्टर्स सर्विस क्रेडिट रेटिंग, शोध और जोखिम विश्लेषण प्रदान करने वाली अग्रणी संस्था है। मूडीज़ की प्रतिबद्धता और विशेषज्ञता पारदर्शी और एकीकृत वित्तीय बाज़ारों में योगदान देती है।
- मूडीज़ द्वारा की जाने वाली रेटिंग और विश्लेषण 135 से अधिक संप्रभु राष्ट्रों, लगभग 5,000 गैर-वित्तीय कॉर्पोरेट जारीकर्त्ताओं, 4,000 वित्तीय संस्थान जारीकर्त्ताओं, 18,000 सार्वजनिक वित्त जारीकर्त्ताओं, 11,000 संरचित वित्त लेनदेन और 1,000 आधारभूत संरचना एवं परियोजना वित्त जारीकर्त्ताओं के ऋणों के लेनदेन पर आधारित होती है।
- मूडीज़ इन्वेस्टर्स सर्विस, मूडीज़ कॉर्पोरेशन (एनवाईएसई: एमसीओ) की सहायक कंपनी है, जिसने 2017 में 4.2 बिलियन डॉलर का राजस्व प्राप्त किया, यह दुनिया भर में लगभग 12,300 लोगों को रोज़गार प्रदान करती है और इसकी उपस्थिति 42 देशों में है।
- ज्ञातव्य है कि मूडीज़ वैश्विक पूंजी बाज़ार का एक अनिवार्य घटक है, जो क्रेडिट रेटिंग, शोध, टूल्स और विश्लेषण प्रदान करने के माध्यम से पारदर्शी और एकीकृत वित्तीय बाज़ारों में योगदान देता है।